हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 29 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 23.9 डिग्री
न्यूनतम 2.5 डिग्री

11 भाजपा नेता पुनीत राई ने सुनी पीएम के मन की बात


12 कलश यात्रा के बाद मंगलाचरण का पाठ


## खबर संक्षेप

### पंजाबी महासभा ने भगवान महावीर चौक को चमकाया

**गोहाना।** रविवार को पंजाबी महासभा गोहाना द्वारा शहर में भगवान महावीर चौक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसका महासभा के अध्यक्ष इंद्रजीत उर्फ राजू विरमानी ने किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करना और आमजन को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना रहा। चौक की सफाई में महासभा के युवा अध्यक्ष रजत कपूर, जितेंद्र गेरा, कृष्ण, पार्षद मुकेश देवगन, सुनील राजपाल, महेंद्र, संदीप, कंवल ने श्रमदान किया। महासभा अध्यक्ष विरमानी ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। महासभा भविष्य में भी ऐसे अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी। बारी-बारी से सभी महापुरुषों के चौकों की सफाई की जाएगी।

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से तीन मोटर चोरी




**गन्नौर ।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 3 स्थित 10 एमएलडी सीईटीपी से तीन मोटर पंप की तारें चोरी हो गई। सीईटीपी इंचार्ज ने चोरी की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव कुतुबगढ़, जिला शामली, उत्तरप्रदेश निवासी अंकित कुमार ने बताया कि वह इनवायरो इंफरा इंजिनियर्स लिमिटेड कंपनी में नौकरी करता है। वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 3 स्थित 10 एमएलडी सीईटीपी में इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। यूनिट पर चार सबमर्सिबल मोटर पंप लगे हुए हैं। 27 दिसंबर को चोर तीन मोटर पंप की तार काट कर ले गए। जिससे कंपनी को 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गन्नौर में दो जगह से ट्यूबवेल के तार चोरी

**गन्नौर।** कोहरे के समय गांव के खेतों में चोर गिरोह सक्रीय हो गए हैं। थाना गन्नौर क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से खेतों में चोरी की शिकायतें सामने आए हैं। पहली शिकायत में भोड़वाल माजरी गांव के इस्सम सिंह ने बताया कि उसकी जमीन पांची गुजरान डीआईसीटी के पास है। गत रात्रि चोर उसके खेत के कमरे का ताला तोड़ कर ट्यूबवेल की मोटर व पंखा चोरी कर ले गए। वहीं दूसरी शिकायत में गांव अटायल निवासी बुल्ला ने बताया कि उसके खेत भौरा रसूलपुर की तरफ हैं। कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उसके व पड़ोसी किसान मंदीप, विद्यानंद, विजेंद्र, विजय, रवि, सुरजीत, साहबसिंह, सुनील कुमार, सुभाष, मदनलाल के ट्यूबवेल की तार काट ली। जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात के खिलाफ चोरी के केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### मिर्जापुर खेड़ी में युवक पर हमला, केस

**गोहाना।** गांव मिर्जापुर खेड़ी में बाइक पर खेत की तरफ घूमने गए युवक पर तेजधार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे नागरिक अस्पताल से भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। नवीन ने पुलिस को बताया कि वह बाइक पर शाम के समय खेत की तरफ घूमने गया था। वहां पहले से मौजूद पवन ने रास्ता रोककर उस पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उसे गंभीर चोटें आईं। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। मामले में बरोदा थानो में केस दर्ज किया गया है।

---

### खरखौदा विकास रैली : मुख्यमंत्री नायब बोले- सरकार ने 11 साल में 2018 करोड़ रुपये से विकास कार्य करवाए

# सोहटी व थाना कलां में उप-स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास 4.65 करोड़ रुपये से होगी सात सड़कों की मरम्मत : सीएम





**पेयजल की कमी नहीं रहेगी : सीएम**

- शहर में पीने के पानी के लिए 26 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से परियोजना का कार्य चल रहा है जो दिसम्बर 2026 तक पूर्ण हो जाएगा
- मुख्यमंत्री ने शहर में विकास कार्यों के लिए अलग से पांच करोड़ रुपये दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खरखौदा में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी। सरकार ने पिछले 11 साल में शहर के विकास के लिए 2081 करोड़ रुपये खर्च किए है। मुख्यमंत्री ने रविवार को खरखौदा में विकास रैली को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सोहटी और थाना कलां में 2 उप-स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास भी किया। इन दो विकास परियोजनाओं पर 1 करोड 10 लाख रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने खरखौदा के विकास के लिए अलग से 5 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की। सीएम ने बताया कि 465 लाख रुपए की लागत से 20 किलोमीटर लम्बाई की 7 सड़कों की रिपेयरिंग भी करवाई जा रही है और शहर में पीने के पानी के लिए 26 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से परियोजना का कार्य चल रहा है जो दिसम्बर 2026 तक पूर्ण हो जाएगा। विकास रैली को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र अनुसार जल्द ही 2 लाख युवाओं को नौकरियां दी जाएगी जिसमें से 34 हजार युवाओं को नौकरियां दी जा चुकी है। नव वर्ष पर पुलिस व अन्य विभागों में नौकरियों का बड़ा जखीरा निकलने वाला है। हम खरखौदा में भी विश्व स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है और इसी को साकार करने के लिए कार्य कर रहे है।

**ये दी सौगातें**

- शहर में थाना चौक व दिल्ली चौक का सौंदर्यकरण किया जाएगा और मुख्य पार्क के लिए 8 करोड़ रुपये व स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए 3.50 करोड रुपये देने की घोषणा मुख्यमंत्री ने रैली में की
- शहर में कूडे के निपटान के लिए 8 करोड़ 37 लाख रुपए की लागत से प्लांट लगेगा
- डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी
- भूमि उपलब्ध होने पर रेस्ट हाऊस व मल्टीस्टोरी पार्किंग बनाई जाएगी
- विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी की 45 किलोमीटर लम्बाई की 9 सड़कों पर 28.30 करोड रूपए खर्च होंगे
- 35 किलोमीटर लम्बाई की 6 सड़कों की मरम्मत करवाई जाएगी
- 175 किलोमीटर लम्बाई की 42 सड़कें तथा मार्केटिंग बोर्ड की 31 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों को डीएलपी के तहत ठीक करवाया जाएगा
- मुख्यमंत्री ने 25 किलोमीटर के कच्चे रास्तों को पक्का करवाने की भी घोषणा की



### सहकारिता मंत्री और प्रदेशाध्यक्ष ने भी किया संबोधित

विकास रैली को सम्बोधित करते हुए हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सशक्त नेतृत्व में प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनने का श्रेय खरखौदा, गोहाना और आसपास के क्षेत्रों की जनता को जाता है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने विश्वास जताया कि सरकार जल्द ही संकल्प पत्र के शेष वायदों को भी पूरा कर नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। इस अवसर पर सोनीपत से विधायक निखिल मदान, गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान, भाजपा जिला प्रभारी सतीश नांदल, नगर निगम के मेयर राजीव जैन, जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, विधायक के पिता आजाद सिंह, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, प्रदीप सांगवान, नगर पालिका के चेयरमैन हीरालाल व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने पंडित दधिचि ऋषि वत्स द्वारा रचित पुस्तक पंडित लख्मीचंद का ब्रह्म ज्ञान का विमोचन भी किया।

### आईएमटी से मिल रहा खरखौदा को फायदा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 11 वर्षों के कार्यकाल में खरखौदा विधानसभा क्षेत्र में 2 हजार 81 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य करवाए हैं। इनमें आईएमटी खरखौदा में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1 हजार 27 करोड़ रुपये की लागत के करवाए गए विकास कार्य शामिल हैं। खरखौदा में 9 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से मिनी सचिवालय का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि खरखौदा में ही 6 करोड 56 लाख रुपये की लागत से न्यायिक परिसर का निर्माण, 4 करोड 54 लाख रुपये की लागत से 4.5 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का नवीनीकरण और 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से नई अनाज मंडी का विस्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में धन के अभाव में कोई भी गरीब इलाज से वंचित नहीं रहेगा। आयुष्मान भारत-चिरायु योजना में 25 लाख 39 हजार मरीजों का 4 हजार 126 करोड रुपये की लागत से मुफ्त इलाज किया गया है। किडनी के रोग से पीड़ति रोगियों के लिए सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सेवाएं शुरू की गई हैं।*

### सेक्टर 23 सोनीपत के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की भेंट



**सोनीपत।** सोनीपत के सेक्टर 23 से करीब पांच सौ लोगों का प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ नेता आनंद हुड्डा की अगुआई में खरखौदा पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिला। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाकात के दौरान आनंद हुड्डा, राजेश दहिया और वेद ने आरडब्ल्यूए सेक्टर 23 तथा समस्त निवासियों की ओर से महाराजा सूरजमल की मूर्ति के अनावरण को लेकर ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द अनावरण कराए जाने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल की ओर से यह भी मांग रखी गई कि महाराजा सूरजमल के विराट व्यक्तित्व और ऐतिहासिक योगदान को देखते हुए सरकार तथा समाज के सहयोग से मूर्ति अनावरण का भव्य समारोह आयोजित कराया जाए। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया और संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रतिनिधि मंडल में अनिल दुल, राजबीर मलिक, काला मलिक, जेनेन्द्र मास्टर, डॉ. धर्मवीर मलिक योगी, छोटू, पंडित राजनारायण, सतपाल आर्य, रजनीश, धर्मबीर राठी, जसबीर दहिया और कप्तान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान क्षेत्रीय मुद्दों और सामाजिक सहयोग से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।

---

## शहर को हरा- भरा करने का मिशन, समाज कल्याण संगठन ने ग्रीन बेल्ट में 24 पौधे लगाए



गोहाना। पौधरोपण करते समाज कल्याण संगठन के सदस्य।

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन द्वारा रविवार को गोहाना ग्रीन सिटी अभियान के तहत शहर में पौधारोपण अभियान चलाया। नई सब्जी मंडी और भगवान परशुराम चौक के साथ ग्रीन बेल्ट में 24 पौधे रोपे गए। इनमें पीपल, बड़, नीम और अर्जुन जैसी आक्सीजन प्रदान करने वाली प्रजातियां के पौधे शामिल रहे। इसके अलावा सूख चुके दो पुराने पेड़ों को हटाकर उनके स्थान पर नए पौधे रोपे गए। संगठन के सदस्यों ने बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पौधों की नियमित सिंचाई के साथ उन पर जमी धूल को पानी की बौछार से साफ किया, ताकि वे अधिक आक्सीजन प्रदान कर सकें। पुराने पौधों की छंटाई, निराई करके सिंचाई की गई। पौधारोपण में मनोज कुमार, सुनील, बलजीत जांगड़ा, सुभाष, विनोद, रोहित खासा, उत्तम सिंह, रणधीर सिंह, सिद्धार्थ ने श्रमदान किया।

## कोल्ड डे

## शहर में दृश्यता 10 मीटर तक सिमटी

- सोनीपत में रविवार को कोल्ड डे रहा, दृश्यता 10 मीटर तक सिमटी, दोपहर 12 बजे के बाद कोहरा छटने से राहत मिली
- सुबह साढ़े छह बजे अचानक गिरे कोहरे ने सड़कों व हाइवे पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया, रेंग के चले वाहन
- कोहरे की वजह से जिले में दो जगहों पर हादसे हुए, जिसमें छह लोग घायल हो गए। एक युवक की हालत गंभीर
- आगामी दिनों में भी मौसम के इसी तरह परिवर्तनशील रहने की संभावना
- उत्तर भारत में चल रही ठंडी हवाएं तापमान को और नीचे ले जा सकती



विस्तृत समाचार पेज :12 पर

---

## सोनीपत जेल में पेट्रोल पंप का उद्घाटन, जेल मंत्री अरविंद शर्मा ने वाहन में पेट्रोल भरकर किया समर्पित

### अच्छे आचरण वाले बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए आपराधिक गतिविधियों को कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेल अब दंड नहीं सुधार की दिशा में उदाहरण बन रही हैं, जिसके कारण प्रदेश की जेलों में सुधार के साथ-साथ बंदियों को नवाचार कौशल को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि सजा उपरांत कैदी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें।

रविवार को जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, नगर निगम मेयर राजीव जैन, जेल महानिदेशक आलोक कुमार राय की मौजूदगी में जिला जेल, सोनीपत परिसर से सोनीपत, करनाल, फरीदाबाद, हिसार, अम्बाला, यमुनानगर और नूंह जेल परिसर में स्थापित जेल फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन किया।

जेलमंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बंदियों को उनके अच्छे आचरण के आधार पर जेल से बाहर काम के अवसर की संभावना को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर कुरुक्षेत्र जेल में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जेल फिलिंग स्टेशन की स्थापना की गई थी, इसकी सफलता उपरांत प्रदेश में 11 जेलों में जेल फिलिंग स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया और आज इसी प्रक्रिया में 7 पम्पों का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक प्रदेश की नारनौल, भिवानी, सिरसा व झज्जर जेल परिसर में भी जेल फिलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।



### नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा

जेलमंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि जेलों में कैदियों को दंड के साथ-साथ मानवीय गरिमा का संरक्षण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंदियों को शिक्षा, विशेषकर नवाचार और कौशल विकास से भरपूर शिक्षा उपलब्ध करवाने में हरियाणा की जेलें अग्रणी है। जेल महानिदेशक आलोक कुमार राय ने कहा कि प्रदेश की जेलों में 50 गैंगस्टरों को अलग-अलग स्थानों पर रखा गया है, ताकि उनका नेटवर्क न बन सके। इस अवसर पर भाजपा नेता जसबीर दोदवा, इंडियन ऑयल कारपोरेशन के डिविजनल हेड अनिल कुमार, जेल सलाहकार जगजीत सिंह, जेल अधीक्षक राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सुभाष चौक पर प्रदर्शन

### जन सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने नारेबाजी कर दर्ज कराया विरोध, बांग्लादेश का झंडा जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत में रविवार को सुभाष चौक पर जन सेवा परिषद के मुख्य पदाधिकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाए और विरोध स्वरूप बांग्लादेश के झंडे के साथ वहां के प्रधानमंत्री का फोटो जलाया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रहे घटनाक्रमों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाई जानी चाहिए और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। मौके पर जन सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश, जिला सोनीपत अध्यक्ष अरुण, जिला उपाध्यक्ष राकेश, राई ब्लॉक सचिव अर्पित और सह सचिव सौरव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने कहा कि यह विरोध आगे भी जारी रहेगा ताकि पीड़ितों के समर्थन का मजबूत संदेश दिया जा सके। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और संगठन के पदाधिकारियों ने संबंधित मुद्दों पर संगठित प्रयास जारी रखने की बात कही।




सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते संगठन के सदस्य।



## खोड़िया नृत्य की परंपरा

हरियाणा में विवाह के समय खोरिया (खोड़िया) एक प्रसिद्ध और मनोरंजक परंपरा है, जो दूल्हे की बारात जाने के बाद घर पर महिलाओं द्वारा निभाई जाती है; इसमें वे मंगल गीत गाती हैं, हंसी–मजाक करती हैं और विवाह के दृश्यों का नाटकीय अभिनय करती हैं। इसमें दूल्हा–दुल्हन और अन्य किरदारों की नकल की जाती है, जिससे उनका मनोरंजन होता है और घर की सुरक्षा भी होती है, साथ ही नवविवाहित जोड़े के सकुशल लौटने की कामना की जाती है।


हरिभूमि

रोहतक, सोमवार, 29 दिसंबर 2025




# हरियाणवी लोकगीतों में विवाह संस्कार

**हरियाणवी लोकगीत केवल गाए नहीं जाते, वे जिए जाते हैं। इनमें समाज की संरचना है, रिश्तों की मर्यादा है, नारी के अनुभव हैं और जीवन का यथार्थ भी। आज भले ही आधुनिकता की आंधी में डीजे और फिल्मी गीत शादियों का हिस्सा बनते जा रहे हों, लेकिन जब आँगन में कोई बुज़ुर्ग धीमे स्वर में गुनगुनाती है- "बन्नी चली परदेस, छोड़ आई बाबुल का देस.."तो लगता है कि हरियाणा की आत्मा अब भी इन्हीं लोकगीतों में सांस ले रही है। विवाह लोकगीत वास्तव में संस्कृति की वह धरोहर हैं, जो बदलते समाज को उसकी जड़ों से जोड़े रखते हैं।**





संस्कृति

**दिनेश शर्मा 'दिनेश'**



हरियाणा की गौरवशाली संस्कृति में लोकगीत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। जहाँ लोकगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जनमानस के दिल की धड़कन अनुभव होते हैं। हरियाणवी लोकगीतों की परंपरा अत्यंत प्राचीन और समृद्ध है, जिसमें विविधता का असीम सागर लहराता है। यहाँ ऋतुओं के बदलने पर 'सावण के गीत' और 'तीज के मल्हार' गाए जाते हैं, तो खेतों में काम करते समय 'जकड़ी' और 'रागिनियों' के स्वर गूंजते हैं। वीर रस से भरे 'आल्हा' जहाँ भुजाओं में बल भरते हैं, वहीं भक्ति रस से सराबोर 'भजन' आत्मिक शांति देते हैं।

हरियाणवी लोकगीतों में अद्भुत विविधता प्राप्त होती है और जीवन के सभी संस्कारों पर गीत गाए जाते हैं, फिर चाहे जन्म हो अथवा मृत्यु है। संस्कारों में अत्यधिक महत्वपूर्ण विवाह संस्कार पर तो इनकी परंपरा बहुत प्रभावित करती है। इस विशाल परंपरा में 'विवाह के गीत' संस्कारों की नींव को मज़बूत करते हैं।

विवाह के संस्कार की शुरुआत सगाई से होती है। जैसे ही रिश्ता तय होता है, घर के आँगन में खुशी की लहर दिखाई देती है। विवाह की रस्में बान और तेल से शुरू होती हैं। हरियाणवी परंपरा में बान 5, 7 या 9 दिन पहले बैठाए जाते हैं। यानी दूल्हा या दुल्हन को शादी वाले दिन तक रोज़ाना हल्दी-तेल (बटना) लगाया जाता है और नहलाया जाता है। इसे ही 'बान फिरना' कहते हैं। इस समय महिलाएं 'तेलन' को संबोधित करते हुए गाती हैं:

*"तारो ए तेलन तेल, म्हारे बन्ने कै चढ़ेगा तेल,*
*हरया-हरया गोबर मंगाओ, आंगण लिपाओ ए...*
*म्हारा बन्ना बैठैगा ए, बिछाओ रंगीले खेल,*
*सोने की कटोरी में, तारो ए तेलन तेल।"*

इसके बाद जब दूल्हे या दुल्हन को पटड़े (चौकी) पर नहलाया जाता है, तो दादी और ताई 'समंदर के पानी' की उपमा देते हुए बड़े लाड़ से गाती हैं:

*"तात्ता पाणी ए समंदरां का, पोता/बेटा न्हाइयो ए म्हारे दादा/ताऊ/बाबू का....*

अंत में तेल चढ़ाते समय घर की बुज़ुर्ग महिलाएँ शगुन मनाती हैं और नज़र उतारती हैं:

*"तेल चढ़ाओ ए बन्नो री दादी, लाड लड़ाओ,*
*तेल चढ़ाओ ए बन्नो री ताई, शगुन मनाओ*
*म्हारी बन्नो का रूप सवाया, चाँद सा उजियार,*
*नज़र न लागे किसी की, राखो जी भरतार"*

बान के दिन से ही रात के समय महिला संगीत शुरू हो जाता है, जिसमें बन्ना-बन्नी के सौंदर्य, चतुराई और भविष्य की कल्पनाएँ गीतों में ढलती हैं :

*"बन्ना तो हांडे अपने बाबा जी की गलियां*
*दादी तो फिरै रहसी रहसी रे महल में*
*सेर मोती बारूं जी बन्ने पै*
*मोती भी वारूं मैं तो हीरे भी वारूं सेर मोती..."*

एक और गीत में बन्नी अपने बन्ने को कहती है:

*बन्ना जी मैं तो राज घर सै आई*
*बन्ना जी तेरे बाबा की ऊंची हवेली*
*बन्ना जी तेरे बाबल की ऊंची हवेली*
*बन्ना जी मैं तो चढ़ती चढ़ती आई*

इसके बाद विवाह के दिन भात से पहले कुम्हार के घर जाकर 'चाक पूजने' की रस्म बहुत महत्वपूर्ण है। यह रस्म सृजन के प्रतीक 'चाक' (पहिए) के प्रति सम्मान व्यक्त करती है ताकि नए दांपत्य जीवन का पहिया भी निर्बाध चलता रहे। महिलाएं गाती हुई जाती हैं:

*"चाक पूजन चाल पड़ी, सुहागन नार,*
*साथ में सखियाँ गावें, मंगल चार*
*कुम्हारन ए, दे दे मटकिया का साथ,*
*तेरे चाक पे बनरी की, सुधरेगी बात"*

चाक पूजन के बाद विवाह की यात्रा का सबसे भावुक रिवाज होता है 'भात'। बहन विवाह से पहले अपने भाई को न्योता देती है और गीतों के माध्यम से भात के लिए बुलावा देते हुए कहती है:

*'बीरा मेरा मान बढ़ाइयो रे,*
*मैं न्यौतण आई भात*
*बीरा तीन मंजली हेली ,*
*मैं ल्याई रे भात की भेली"*

इस परंपरा में वह पल बहुत भावुक करने वाला होता है जब विवाह के दिन भाई भात लेकर आता है और बहन आस-पड़ोस की सभी स्त्रियों संग भात लेते हुए गीतों से भाई का स्वागत करती हुई गाती है:

*'मत बरसो इन्द्र राजा जी मेरी मां का जाया भीजै*
*मेरी मां का जाया भीजै, मेरा सगा भतीजा भीजै*
*मत बरसो इन्द्र राजा जी, मेरी मां का जाया भीजै''*

भात लेने के बाद 'मांढा' बंधन की रस्म होती है और गाया जाता है:

*किन्नै यो मांढा पिछवाडिआं*
*किन्नै यो पूर्या सै चोंक*
*मांढलड़ा सिरी राम का*

इसके बाद जब दूल्हा घोड़ी पर चढ़ता है। बैंड बाजे के साथ बहनें और गाँव की महिलाएँ गाती हैं:

*मुबारक सादी हो बनड़े ये घोड़ी नाचती आई*
*तेरे बाबा हजारी नै बड़ी दूरों से मंगवाई*
*बनड़े की घोड़ी बिदकै मेरा कलेजा धड़कै*
*सीस बने के सेहरा, लड़ियां से लाल लटकै*
*गले बने के तोड़ा, घूण्डी से लाल लटकै*
*हाथ बने के घड़ियां, कांगणे सै लाल लटकै*

फिर दूल्हा बारात लेकर ससुराल पहुंचता है तो स्वागत में 'सीठणे' (मीठी गालियाँ) गाए जाते हैं। यह हरियाणवी लोकगीतों का सबसे रोचक पक्ष है, जहाँ समधियों के रंग-रूप और वेशभूषा पर व्यंग्य किए जाते हैं:

*'बाज्या रे नगाड़ा रणजीत का जणू हाक्यम आया*
*अपणी बेबे न छोड़ के हे म्हारे ब्याहवण आया'*
*'हमने बुलाए गोरे-गोरे, काले-काले आये रे पसेरे,*
*हमने बुलाए लंबे-लंबे, ओछे-ओछे आये रे पसेरे '*

'फेरे' विवाह के पावन बंधन का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र पड़ाव होता है। जब फेरों के लिए पूजन शुरू होता है तो दुल्हन की सखियां गाती हैं :

*दादा देस जांदा परदेस जाइयो म्हारी जोड़ी का बर ढूंडियो*
*लाडो देस जांदा परदेस जांगा, ढूंडिया सै फूल गुलाब का*
*ताऊ देस जांदा परदेस जाइयो म्हारी जोड़ी का वर ढूंडियो*

अग्नि के सात फेरे लेते समय वधू का अधिकार क्षेत्र बदलता है। हरियाणवी लोकगीतों में हर फेरे के साथ बेटी के 'पराई' होने का दर्द अनुभव किया जा सकता है:

*पहला फेरा लीजिए दादा की हे पोती*
*दूजा फेरा लीजिए ताऊ की हे बेटी*
*तीजा फेरा लीजिए बाबल की हे बेटी*
*चौथा फेरा लीजिए काके की हे बेटी*
*पांचमा फेरा लीजिए मामै की हे भाणजी*
*छठा फेरा लीजिए नाना की हे दोहती*
*सातवां फेरा लीजिए लाडो होई पराई*

फेरों के बाद 'छन्न' सुनने की रस्म भी होती है जिसमें दूल्हे को छन्न सुनाने के लिए कहा जाता है :

*छन्न पक्कियां छन्न पक्कियां, छन्न के ऊपर केसर। सासू मेरी पारवती, सोहरा परमेसर।।*

छन्न के बाद विदाई का समय बहुत भावुक करने वाला होता है। बेटी का घर से जाना, बचपन की यादें और माता-पिता का विलाप इन गीतों का मुख्य स्वर होता है। कोयल की उपमा देकर गाया जाने वाला यह गीत अत्यंत मार्मिक है:

*"कोयल चालि ए बागां न छोड़ कै,*
*ए मन्नै कूकर राखोगे मेरी माए...*
*जिन गलियों में बचपन बीता,*
*वही गली बिसराई ए,*
*मात-पिता को छोड़ के बन्नी,*
*हो गई आज पराई ए"*

एक और पारंपरिक विदाई गीत जो मन को छू जाता है:

*मेरी बन खंड को कोयल बन खंड छोड़ कहां चली*
*मेरे ताऊ ने बोले हैं बोल बचन की मारी मैं चली*
*मेरी बन खंड की कोयल बन खंड छोड़ कहां चली*
*मेरे बाबुल ने बोले हैं बोल बचन की मारी मैं चाली*

दूसरी तरफ बारात के विदा होने के बाद, जब घर सूना हो जाता है, तब 'खोड़िया' का आयोजन होता है। यह स्त्रियों का निजी उत्सव है, जहाँ घूंघट की मर्यादा से परे हटकर वे दूल्हा-दुल्हन बनने का नाटक करती हैं :

*"खोड़िया मा खोड़िया, आज म्हारे घर आवे नई बहु,*
*कोरी-कोरी चांदी का हसला घड़ाया...*
*आज म्हारे बेटे की सुहाग वाली रात।*
*दुख भूल कै हँस ले आज, यही है रीति की बात।"*

असल में हरियाणवी लोकगीत केवल गाए नहीं जाते, वे जिए जाते हैं। इनमें समाज की संरचना है, रिश्तों की मर्यादा है, नारी के अनुभव हैं और जीवन का यथार्थ भी। आज भले ही आधुनिकता की आंधी में डीजे और फिल्मी गीत शादियों का हिस्सा बनते जा रहे हों, लेकिन जब आँगन में कोई बुज़ुर्ग धीमे स्वर में गुनगुनाती है-"बन्नी चली परदेस, छोड़ आई बाबुल का देस.."तो लगता है कि हरियाणा की आत्मा अब भी इन्हीं लोकगीतों में सांस ले रही है। हरियाणवी विवाह लोकगीत वास्तव में संस्कृति की वह धरोहर हैं, जो समय के साथ बदलते समाज को उसकी जड़ों से जोड़े रखते हैं।

---

गीत | **राजपाल सिंह गुलिया**



### तेरी खेती हरी-भरी

बुरा न मानै तै भैया कुछ, मैं भी कह द्यूँ खरी -खरी ।
बिना सँभाले सूखण लाग्यी , तेरी खेती हरी-भरी ।।

धन दौलत पा कै नै माणस , देख नसे म्हं चूर हुए ।
काणा कहकै दाम माँगते , ये इतणे मगरूर हुए ।।
जरगी सैं इनकी पुश्तैनी , तलवारें भी धरी - धरी ।।

छोरा रोज रात नै आवै, बाहर तैं ए खा पी कै ।
काल्ह कही तै न्यू बोल्या के ,करणा सै हमनै जी कै ।
बहू रोज याह बिना बात बस, बैठी रह सै डरी -डरी ।

खरा कमावै खोटा खावै , याह होग्यी सै रीत हड़ै ।
बाकलियाँ का ब्यौंत देख कै , गावैं सैं सब गीत हड़ै ।।
किसै न मत छेड़ो भाई , बैठी दुनिया भरी - भरी ।

खरी कहणिया माणस सभ नै , भोत घणे लागैं खोटे ।
साँची कह कै बदनामी के , ये बाँधैं रोज भरोटे ।।
लांछन लाग्याँ पाच्छै बोली, लिकड़ै सै याह मरी-मरी।

---

गज़ल | **रिसाल जांगड़ा**



पड़्या मिरे तै काम नहीं सै।
उसने करया सलाम नहीं है।

बिस्तर तो सै सोन्ने का पर,
दिल नै तो आराम नहीं है।

ठूंठ बणी निरधन की जिंदगी,
सिर पै सुख की छाम नहीं है।

उस माणस नै दू रह्या सूँ,
जिसके सिर इलजाम नहीं है।

इस कलजुग की रामायण म्हं,
रावण तो सै राम नहीं है।

जड़ै छिप्या दिन रैन गुजारी
साधू का घर-गाँम नहीं सै।'

रिसाल' चाँद तै यारी लाकै,
सोया रात तमाम नहीं है।

---

रागनी | **सत्यवीर नाहड़िया**



### बोल्ली या हरयाणी

चाळा करगी-भास्सा बरगी, बोल्ली या हरयाणी।
सभतै न्यारी-बोल्ली म्हारी, सै या भोत पुराणी।।

आन अनूठी-तान अनूठी, इस बोल्ली की न्यारी।
बोल निराळे-तोल निराळे, जाणै दुनिया सारी।
कड़कै भारी-पर सै प्यारी, बोल्ली सिद्धी-स्याणी।
सभतै न्यारी-बोल्ली म्हारी, सै या भोत पुराणी।।

इस म्हैं पाणा-यो हरयाणा, गीत-रागनी न्यारी।
पाड़ैं चाळे-सांग निराळे, भजन-सबद लयकारी।
छप ल्यी सारी-साखी भारी, कबिता कथा-कहाणी।
सभतै न्यारी-बोल्ली म्हारी, सै या भोत पुराणी।।

धूम मचावै-झट छा ज्यावै, जित जा खुलकै बोल्ली।
गुँज्जै न्यारी-बोल्ली म्हारी, बोल्लीबुड नै तोल्ली।
लखमी डोल्ली-इस म्हैं झोल्ली,तकत-तोड़ थी गाणी।
सभतै न्यारी-बोल्ली म्हारी, या सै भोत पुराणी।।

मिट ज्या रास्सा-पलटै पास्सा, अंबर गान चढ़ावै।
सभनै आस्सा-बणकै भास्सा, माट्टी-मान बढ़ावै।
दिन वो आवै-मंगळ गावै, 'नाहड़िया' की बाणी।
सभतै न्यारी-बोल्ली म्हारी, सै या भोत पुराणी।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

जागीर

## आयरलैंड वासी जार्ज थॉमस ने वर्ष 1797 में हांसी को अपने नवगठित राज्य हरियाणा की राजधानी बनाया था

# ऐतिहासिक नगर हांसी का प्राचीन रुतबा बहाल




इतिहास | **यशपाल गुलिया**

हरियाणा सरकार ने हांसी को एक नया जिला बनाकर इस ऐतिहासिक नगर के गौरवमयी रुतबे को पुनर्जीवित कर दिया है। सदियों पुराने इस ऐतिहासिक नगर का प्राचीन नाम आसिका होता था जो शाही सुलेमान मार्ग पर स्थित था। यहां के ऐतिहासिक किले का निर्माण सम्राट पृथ्वीराज द्वारा किया गया था। इसका समय-समय पर शासकों ने भरपूर उपयोग किया था।

आयरलैंड वासी जार्ज थॉमस द्वारा वर्ष 1797 में हांसी को अपने नवगठित राज्य हरियाणा की राजधानी बना लिया था। प्राचीन किले में उसने सिक्के ढालने के वास्ते टकसाल भी स्थापित की थी, लेकिन चार वर्षों बाद 1801 में एक लम्बे लड़े गए युद्ध के बाद उसको हांसी से प्रस्थान करना पड़ा। फिर अंग्रेजों ने 1809-10 में हांसी में अपनी नई रिसाला छावनी स्थापित की तथा कुछ वर्षों बाद हांसी क्षेत्र कर्नल स्कीनर को जागीर के तौर पर प्रदान किया गया। स्कीनर की मृत्यु के बाद अंग्रेजों ने फिर एक बार हांसी के रुतबे को कम कर दिया था, लेकिन वही हांसी का किला 1857 में अंग्रेजों का महत्वपूर्ण मुख्यालय भी बना। इसमें पंजाब के फिरोजपुर से कोर्टलैन्ड अंग्रेज के नेतृत्व में एक नवगवित सेना हांसी में पहुंच गई तथा हरियाणा क्षेत्र के क्रांतिकारियों को दिल्ली जाने से रोकने में सफल भी रही। दिल्ली स्थित अंग्रेज सेना को कवच प्रदान करने वाली उस सेना को हरियाणा फील्ड फोर्स का नाम दिया गया था जो हांसी के किले में लगभग एक वर्ष तक जमी रही और वहीं से उस सेना ने ओढ़ां, खैरिका व जमालपुर आदि स्थानों पर क्रांतिकारियों से भीषण युद्ध किए थे।



हांसी नगर का ऐतिहासिक बड़सी गेट का दृश्य।



हांसी में स्थित अली तज्जार का मकबरा।

### यहां चार कुतुब विराजमान

मुस्लिम समुदाय के विख्यात धार्मिक चार कुतुबों के यहां विराजमान रहने के कारण भी हांसी प्रसिद्ध नगर रहा था। नगर के चारों तरफ खिलजी सुलतान ने वर्ष 1300 के आसपास एक दीवार भी निर्मित करवाई थी जिसमें पांच प्रवेशद्वार थे। उन्हीं में से एक बड़सी गेट पर शिलालेख भी मौजूद है। ऐसे प्राचीन ऐतिहासिक नगर को अब एक जिले का दर्जा देकर मुख्यमन्त्री नायब सैनी ने सराहनीय कार्य किया है। इसी हांसी नगर में अंग्रेजों का ज्यादातर वास्ता रहने के कारण ही हिसार में घोड़ा फार्म स्थापित हुआ था। हांसी नगर में चार कुतुब परिसर के पास अली- तज्जार व लखी बनजारे के विशाल मकबरे स्थित हैं। वहीं पर स्कीनर की दो बेगमों के जुड़वां मकबरे भी बने हुए हैं। इनमें फारसी भाषा में शिलालेख अंकित हैं। यद्यपि ऐतिहासिक किला संरक्षित होने के बावजूद खंडहर बन चुका है, लेकिन जार्ज थॉमस द्वारा निर्मित हौज, बारूद खाना व बाह्य चौकियां आज भी दर्शनीय हैं, जोकि हांसी के प्राचीन इतिहास के साक्षी हैं।

---

# लोकगायन की सशक्त आवाज़ राजबाला बहादुरगढ़

कलाकार | **अंकुर शर्मा**



हरियाणवी लोकगीतों ने वैश्विक स्तर पर अपनी अमिट पहचान बनायी है। इसके लिए अनेक कवियों और कलाकारों का महनीय योगदान रहा है। एक समय जब हरियाणवी रागनी के क्षेत्र में पुरुष गायकों का बोलाबाला था और महिलाओं की उपस्थिति को संदेह और वर्जनाओं की दृष्टि से देखा जाता था, राजबाला ने न केवल माइक थामा, बल्कि अपनी बुलंद और आत्मविश्वासी आवाज़ से पुरुष-प्रधान गायकी के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राजबाला का जन्म हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव सरथल में हुआ। ठेठ ग्रामीण परिवेश, सीमित संसाधन और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि में पली-बढ़ी 'बाला' का बचपन खेतों की पगडंडियों, पशुओं की घंटियों और माँ की लोरियों के बीच बीता। औपचारिक शिक्षा भले ही अधिक न हो पाई हो, लेकिन प्रकृति और लोकजीवन ने उन्हें जो शिक्षा दी, वही उनकी असली पाठशाला बनी।

रेडियो पर बजने वाली रागनियां उनके मन में सुरों का पहला बीज बोती थीं। वह काम करते हुए, चारा काटते हुए या चूल्हे के पास बैठी-बैठी उन धुनों को गुनगुनाती रहतीं। पर उस दौर में बेटियों का ऊंचे स्वर में बोलना भी मर्यादा के विरुद्ध माना जाता था, मंच पर गाना तो दूर की बात थी। फिर भी उनके भीतर कहीं यह विश्वास पल रहा था कि सुरों से जुड़ा यह रिश्ता एक दिन उन्हें उनकी मंज़िल तक पहुंचाएगा। विवाह के बाद 'बाला' बहादुरगढ़ आकर बस गयी। सामान्यतः यह वह मोड़ होता है जहां अधिकांश बेटियों के सपने घरेलू जिम्मेदारियों में दबकर रह जाते हैं, पर उनके लिए यह नया जीवन एक नई कर्मभूमि बना। राजबाला बताती हैं कि पति रणबीर सिंह के सहयोग के प्रति कृतज्ञता जताने के लिए उन्होंने अपना नाम 'बाला' से राजबाला कर लिया, वहीं बहादुरगढ़ से उनके नाम के साथ 'बहादुरगढ़' जुड़ा और धीरे-धीरे वही उनकी पहचान बन गया। 2004 के आसपास उन्होंने मंचों पर कदम रखा। उस समय रागनी मंचों पर पुरुष गायकों का ही बोलबाला था। पंडित लख्मीचंद और मेहर सिंह की परंपरा को आगे बढ़ाने वाले दिग्गज कलाकारों के बीच एक घूंघट में खड़ी महिला का गाना समाज के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं था। राजबाला स्वयं कहती हैं "शुरुआत में बहुत ताने सुनने पड़े। लोग कहते थे कि बहू होकर मंच पर गाना शोभा नहीं देता लेकिन मेरे पति और परिवार ने मुझ पर विश्वास किया। उसी विश्वास ने मुझे समाज के डर से ऊपर उठना सिखाया।" यह समर्थन उनके संघर्ष की सबसे बड़ी ताकत बना। घर, बच्चे और जिम्मेदारियों के साथ-साथ उन्होंने सुरों की साधना जारी रखी और हर मंच पर खुद को बेहतर साबित करती चली गईं।

वर्तमान हरियाणा सरकार द्वारा संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें बहादुरगढ़ नगर परिषद् के लिए पार्षद मनोनीत किया गया है। प्रसिद्ध फल्गु लोककला महोत्सव में प्रस्तुति को राजबाला अपनी उपलब्धि मानती हैं। देश की सैकड़ों सांस्कृतिक संस्थाएं उन्हें सांस्कृतिक योगदान के लिए सम्मानित कर चुकी हैं। लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचने के बावजूद राजबाला की सादगी आज भी वैसी ही है। न दिखावा, न अहंकार- बस अपनी माटी से जुड़ा एक सरल व्यक्तित्व। वह मानती हैं कि रागनी केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि लोकजीवन का आईना है, जिसमें समाज अपनी अच्छाइयों और कमज़ोरियों को देख सकता है। वास्तव में राजबाला बहादुरगढ़ केवल एक लोकगायिका ही नहीं, बल्कि हरियाणा की सांस्कृतिक चेतना की जीवंत प्रतीक हैं, जिनका लोकगायकी का यह सफर बताता है कि सच्ची प्रतिभा संसाधनों की नहीं, समर्पण और संघर्ष की मोहताज होती।





### किस्सा गायकी की पहचान

हिसार के सुशीला भवन में भगत सिंह जयंती पर दी गई पहली प्रस्तुति से शुरू हुआ यह सफर देखते ही देखते प्रदेश भर के मंचों तक जा पहुंचा। राजबाला की गायकी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी 'किस्सा परंपरा' है। राजा नल-दमयंती, सत्यवान-सावित्री, हरिश्चंद्र और महाभारत जैसे प्रसंगों को जब वह रागनी में ढालती हैं, तो श्रोता केवल सुनते नहीं, उस कथा में जीने लगते हैं। वे बताती हैं कि 'लोकसंगीत की आत्मा शालीनता में बसती है, फूहड़ता में नहीं। उनका प्रयास गायकी में करुणा, वीर रस, भक्ति और प्रेम समाहित करने का रहता है।' लोकगायकी से मिला सम्मान और पहचान राजबाला विभिन्न टीवी चैनल्स और आकाशवाणी के अनेक केन्द्रों से रागनी की प्रस्तुति देने के साथ-साथ देशभर में लगभग 2500 सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### मकान के बाहर से कैंटर चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी में एक मकान के बाहर से ट्रांसपोर्ट कंपनी का कैंटर चोरी हो गया। कंपनी के मैनेजर ने पुलिस को शिकायत दे दी है। मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता हिमांशु का कहना है कि उनकी कंपनी का एक कैंटर मांडोठी का निवासी मनोज चलाता है। गत 26 दिसंबर को मनोज फरीदाबाद से कैंटर लेकर आया। गाड़ी खाली थी। रात को उसने अपने मकान के बाहर खड़ी कर दी। शनिवार की सुबह देखा तो नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स गाड़ी चुरा ले गया। गाड़ी में आरसी, एटीएम कार्ड सहित अन्य दस्तावेज थे। वहीं, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

### स्कूटी की टक्कर से दो घायल

**बहादुरगढ़।** गांव मातन में स्कूटी की टक्कर से दो व्यक्ति घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। शिकायतकर्ता शारीक का कहना है कि वह मूलतः यूपी के सहारनपुर से है। फिलहाल यहां मातन गांव में रहता है। गत 26 दिसंबर को अपने रिश्तेदार के साथ कमरे की ओर लौट रहा था। रास्ते में एक स्कूटी सवार ने हमें टक्कर मार दी। दोनों चोटिल हो गए। मुझे गंभीर चोट के कारण पीजीआई रेफर कर दिया गया। उधर, पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने गांजे सहित आरोपी को पकड़ा

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने गांजे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी इंचार्ज दिनकर यादव के अनुसार, आरोपी को सेक्टर 6 थाना क्षेत्र से काबू किया गया। आरोपी की पहचान रमाशंकर निवासी यूपी के रूप में हुई है। उसके पास 174 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज हुआ है।

### 31 दिसंबर तक करवाएं फसल का बीमा

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2025-26 के लिए रबी की फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने जिला के किसानों से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित तिथि से पहले अपनी फसलों का बीमा अवश्य करवा लें।

### अतिदेय ऋणी किसानों को ऋण मुक्त करने का अवसर

**झज्जर।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अतिदेय ऋणी किसानों को ऋण मुक्त करने के उद्देश्य से एकमुश्त ऋण समाधान योजना 2025 लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत अतिदेय ऋणी किसान द्वारा पूरा मूलधन जमा करने पर अतिदेय ब्याज में 50 प्रतिशत की माफी तथा सम्पूर्ण जुर्माना ब्याज की पूर्ण माफी का प्रावधान किया गया है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जो महिला ऋणी विधवा हो चुकी हैं, उनके मामलों में पूरा मूलधन जमा करने पर अतिदेय ब्याज की शत प्रतिशत माफी तथा पूरा जुर्माना ब्याज माफ किया जाएगा।

## राम परिवार का सुन्दरकाण्ड पाठ और रामकथा का भक्तिमय आयोजन

# रामकथा के माध्यम से मर्यादा व आदर्श जीवन से जुड़े प्रसंगों पर डाला प्रकाश

*संगठन के वार्षिकोत्सव की तैयारियों की रूपरेखा तय करने के उपलक्ष्य में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की योजनाओं और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में राम परिवार, सोनीपत द्वारा ओम प्रकाश अरोड़ा के निवास स्थान पर सुन्दरकाण्ड पाठ, हरिनाम संकीर्तन और रामकथा का भक्ति-मय अनुष्ठान संपन्न हुआ। कार्यक्रम के साथ ही संगठन के वार्षिकोत्सव की तैयारियों की रूपरेखा तय करने के उपलक्ष्य में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की योजनाओं और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। संस्था के प्रमुख ओम प्रकाश अरोड़ा ने रामकथा के माध्यम से मर्यादा, आदर्श जीवन और लोककल्याण से जुड़े प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन त्याग, साहस और करुणा का प्रतीक रहा है तथा उनके आदर्श आज भी समाज को मार्गदर्शन देते हैं। कार्यक्रम में पवन सहगल, श्याम रहेजा, सूरजकांत बत्रा, चन्द्रकांत, नंदकिशोर, महेश पांडे, पूर्णचंद, मेहरचंद, मनोहर, रामचंद, ललित, विजय, धीरज और राकेश बहल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने भजन संकीर्तन में सहभागिता निभाई।

**भगवान राम का जीवन त्याग व साहस का प्रतीक**



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण।

### प्रसाद का किया वितरण

*अनुष्ठान के उपरांत आरती की गई और अमृतमय प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन को भक्तिमय वातावरण और सामूहिक सहभागिता ने विशेष रूप से स्मरणीय बना दिया।*

# भजनों की प्रस्तुति पर जमकर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

महंत लक्ष्मण पुरी की बरसी के अवसर पर रविवार को पानीपत चुंगी के निकट स्थित उनके मंदिर में अखंड जप के साथ दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत हो गई। कार्यक्रम की शुरूआत अखंड जप से हुई, जिसमें संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सानिध्य बाबा कमल पुरी महाराज का रहा। मंदिर में रविवार रात 10 बजे से सोमवार रात 10 बजे तक अखंड जप होगा। मंगलवार सुबह हवन के बार श्रद्धांजलि सभा होगी। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से श्रद्धालु संतों से आशीर्वाद लेने पहुंचे। दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ और प्रवचन हुए। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध भवन गायक साध्वी पूर्णिमा और गायक साहिब साबी ने भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या में भगवान के गुणगान के साथ-साथ महंत लक्ष्मण पुरी के जीवन और उनके आध्यात्मिक योगदान पर भी प्रकाश डाला गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बाबा पाला पुरी, महंत नरेश्वर पुरी महाराज, महंत प रयाग पुरी महाराज, पवन पुरी स्वामी पहुंचे।

# पोर्टल से नाम हटाने को लेकर एचकेआरएनएल कर्मियों में रोष



राई। एचकेआरएनएल पोर्टल से नाम हटाने व तीन माह का वेतन न मिलने पर रोष व्यक्त करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई स्पोर्ट्स स्कूल में कार्यरत हरियाणा कौशल रोजगार निगम के 41 कर्मचारियों का नाम पोर्टल से हटाए जाने और पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने पर गहरा रोष जताया। कर्मचारियों ने स्कूल प्रशासन के समक्ष विरोध दर्ज कराते हुए शीघ्र उनके नाम दोबारा पोर्टल पर दर्ज करवाने और लंबित वेतन का भुगतान कराने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि वे कई वर्षों से राई स्पोर्ट्स स्कूल में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। बावजूद इसके, हाल ही में उनका नाम एचकेआरएनएल के पोर्टल से हटा दिया गया, जिससे उनकी नौकरी और भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि नाम हटने के कारण उन्हें न तो वेतन मिल पा रहा है और न ही सरकारी सुविधाओं और अवकाशों का लाभ। कर्मचारियों ने लिखित रूप में स्कूल प्रशासन को अवगत कराया कि पिछले तीन माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। कर्मचारियों ने मांग पत्र में स्पष्ट किया कि जिन कर्मचारियों के नाम पोर्टल से हटाए गए हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से दोबारा पोर्टल पर अपलोड किया जाए और नाम दर्ज करने की एक निश्चित समय-सीमा तय की जाए। साथ ही, लंबित तीन माह का वेतन जल्द से जल्द जारी किया जाए, ताकि कर्मचारियों को राहत मिल सके।

### जल्द होगा समाधान

राई स्पोर्ट्स स्कूल के प्रधानाचार्य पीके धीमान ने बताया कि एचकेआरएनएल के पोर्टल से कर्मचारियों का नाम हट गया है और उन्हें 3 महीने से वेतन नहीं मिला है। वे कर्मचारियों की समाधान में लगे हुए हैं। एचकेआरएनएल में भी बात चल रही है ताकि उनका समाधान हो जाए। पिछले दिनों कुछ कागजात अपडेट ना होने के कारण दिक्कत थी अब जल्द उनका समाधान हो जाएगा।

# भाजपा नेता पुनीत राई ने सुनी पीएम के मन की बात

*विकसित भारत की दिशा में पीएम की सोच आगे बढ़ रही : पुनीत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

रविवार को निगम पार्षद पुनीत राई ने अपने आवास परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 129 वां एपिसोड सुना। निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि इस साल के इस आखिरी मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे साल भर में किए गए महत्वपूर्ण कार्य को देश के करोड़ों जनमानस के बीच रखने का काम किया। आने वाले साल की शुभकामनाएं के साथ देश को 2026 में एक नई ऊंचाई पर लें जाने का संकल्प का भी जिक्र करते हुए कहा कि 2025 में भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल साइंस, लैब्स, और वैश्विक, मंचों पर अपनी मजबूत पहचान बनाई उन्होंने कहा मोदी ने विदेशों में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। विकसित भारत की दिशा में उनकी सोच मजबूती से आगे बढ़ रही है।



राई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनते निगम पार्षद पुनीत राई।

# गुरु सुदर्शन द्वार गुरुओं की शिक्षाओं का प्रतीक : रजनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रविवार को गुरु सुदर्शन द्वार का भव्य एवं दिव्य लोकार्पण साध्वी सुदक्षा महाराज के पावन सान्निध्य में श्रद्धा, भक्ति और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। नेतृत्व नगर परिषद (नप) गोहाना की चेयरपर्सन रजनी वीरमानी का रहा। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि यह भव्य द्वार गुरुजनों की शिक्षाओं, संस्कारों और जीवन मूल्यों का प्रतीक है, जो समाज को निरंतर सही दिशा दिखाता रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। गुरु सुदर्शन द्वार न केवल आध्यात्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और सनातन परंपराओं को सशक्त करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। समारोह में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने गुरुजनों की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया और इस पावन पहल की सराहना की।



गोहाना। गणमान्य व्यक्तियों के साथ गुरु सुदर्शन द्वार का लोकापर्ण करते हुए विरमानी दंपति। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में पंजाबी महासभा गोहाना के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी, नप वाइस चेयरमैन राजबाला मलिक, ईश्वर जैन, महासचिव गौरव जैन (सोनू), रोविंद जैन, आशीष जैन, अजीत जैन, जाट महासभा अध्यक्ष विनोद सेहरावत, आरडब्ल्यूए प्रधान संजय दूहन, नगर पार्षदों में नगर पार्षद आजाद मलिक, नन्हा राम, संजय सैनी, संदीप, राम सिंह सैनी, सुनील, रमेश, नरेंद्र व राजेश (सोनू) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# आरक्षण लागू करने व भर्तियों में बराबरी की मांग

## अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में ट्यूलिप हॉस्पिटल के पास टी पी स्कीम-15 बहालगढ़ रोड पर अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की मिटिंग रामदिया रत्तेवाल प्रजापत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष जोगी समाज हरियाणा सत्यपाल योगी ने किया, जबकि मंच संचालन गोहाना के सुभाष भट्टी ने संभाला। वक्ताओं ने राज्य में पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के लिए नौकरियों में हो रहे भेदभाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की तथा 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू न किए जाने का मुद्दा उठाया। क्लास-1 और क्लास-2 भर्तियों में आरक्षण लागू करने के साथ-साथ पदोन्नतियों में भी आरक्षण लागू करने की मांग रखी गई।



सोनीपत। बैठक में पहुंचें पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### शिष्टमंडल का गठन किया

बैठक में आंगनवाड़ी महिला की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की गई। सोनीपत नगर निगम के आगामी चुनावों पर भी चर्चा हुई तथा निर्णय लिया गया कि अंतिम फैसला 10 जनवरी 2026 को होने वाली अगली मिटिंग में लिया जाएगा। बैठक में राजबीर जोगी, एडवोकेट राजबीर कश्यप, पवन रावल एडवोकेट, सुनील सरोहा एडवोकेट, प्रिंस दुग्गल, भूपसिंह खन्ना, शेर सिंह डेंडवाल प्रधान गोहाना, प्रजापत प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन गंगा राम सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे। साथ ही, सरकार से वार्ता के लिए एक शिष्टमंडल भी गठित किया गया।

# जीवनी अस्पताल में आयोजित शिविर में 62 यूनिट रक्त किया एकत्रित

## 58 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

डॉ. राकेश सिंधु, कुलदीप मलिक, अजीत कुमार, दीपक कुमार की पुण्यतिथि पर रविवार को जीवनी अस्पताल में रक्तदान तथा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए डॉ अनिता सिंधु ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः नौ बजे से दोपहर दो बजे तक किया गया। इस दौरान फिम्स बल्ड बैंक की टीम ने 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। आयोजन से जुड़े प्रदीप मलिक ने बताया कि डॉ. अरमान सिंधु तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी सिंधु ने 58 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की।




खरखौदा। रक्तदाता को प्रोत्साहित करते हुए डॉ अनिता सिंधु



खरखौदा। प्राचार्या दया दहिया के साथ प्रतिभागी छात्राएं

### कार्निवल में बच्चों-अभिभावकों ने लिया आनन्द

**खरखौदा।** प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्निवल का भव्य, रंगारंग एवं यादगार आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, रंग-बिरंगी सजावट और अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, डॉ. दीपिका दहिया द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्निवल जोन बच्चों और अभिभावकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस जोन में विभिन्न प्रकार के झूले, फन गेम्स, बैलून कॉर्नर, बबल जोन, टॉय स्टॉल्स और फूड स्टॉल्स लगाए गए थे। बच्चे झूले झूलते, खेल खेलते और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते नजर आए। इस दौरान बेबी शो का भी आयोजन हुआ। छोटे-छोटे बच्चों ने मंच पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बेबी शो के अंतर्गत बच्चों ने फैंसी ड्रेस, टैलेंट राउंड, स्माइल राउंड और इंट्रोडक्शन राउंड में भाग लिया। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे बच्चों ने जब मंच पर कदम रखा तो दर्शक दीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। बच्चों की मासूम बातें, आत्मविश्वास भरी मुस्कान और सहज अभिनय ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्या दया दहिया ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा के स्तर पर ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

**कार्यक्रम** | शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश ही बनाता है श्रेष्ठ नागरिक : देवेंद्र कादियान

# प्रयास जूनियर स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की छटा

- कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया
- नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और गणेश वंदना पर नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

किशनपुरा स्थित प्रयास जूनियर स्कूल का 20वां वार्षिक एनुवल डे सेलिब्रेशन 'प्रोत्साहन' थीम के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि शिक्षिका ज्योति लाकड़ा , मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने विशेष अतिथि शिरकत की । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह के दौरान नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और गणेश वंदना पर नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने योग और ताइक्वांडो का बेहतरीन प्रदर्शन कर स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया। स्कूल प्रबंधक सुरेश बत्रा, अमित बत्रा व संचालिका रुचिका बत्रा ने अतिथियों को शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि वार्षिकोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास भरना और उन्हें मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि ज्योति लाकड़ा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार मजबूत मकान के लिए नींव का ठोस होना जरूरी है, उसी प्रकार स्कूल बच्चों के भविष्य की नींव रख रहा है।





गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते साथ में अन्य अतिथिगण, व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते प्रयास स्कूल के नन्हे छात्र ।

### अभाभावकों से अपील

मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के लिए समय निकालें और सोशल मीडिया से दूरी बनाएं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. जोगेंद्र धनखड़, समाजसेवी अंकित मल्होत्रा,पार्षद अजय सरोहा, डॉ. मनोज कुमार, नंद छाबड़ा, अजय भुक्कर, सुशील त्यागी, जगबीर देशवाल, सुरजीत घनघस, सुमित बत्रा, रविंद्र सरदाना, रमेश बत्रा, रजत हांडा, शालू राय, सुरेश भूटानी, परवीन कामरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### खरखौदा संघर्ष कमेटी के बैनर तले धरना जारी

**खरखौदा।** प्रशासन की पहल पर दो सदस्यीय खरखौदा संघर्ष कमेटी का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मिला। प्रतिनिधि मंडल ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि खरखौदा उपमंडल को सोनीपत जिला में ही रखा जाए और किसी भी सूरत में दूसरे ज़िला में शामिल न किया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने इस आशय का ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर मौजूद विधायक पवन खरखौदा से सहयोग का आह्वान किया। जब मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट नहीं की तो संघर्ष कमेटी ने खेद जताया।



### नशे दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**गोहाना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्य ईना रानी ने किया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की भूमिका और आत्मनिर्भर बनने में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं वंदे मातरम् के साथ हुई। नागरिक अस्पताल गोहाना से पहुंचे फार्मासिस्ट अनिल मोर न स्वयंसेविकाओं को नशे के दुरुपयोग व दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।



### शिविर में 82 लोगों ने किया रक्तदान

**गन्नौर।** रविवार को जीटी रोड़ पर सौरभांचल में रक्त दान शिविर व हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया । इस कैम्प में डॉक्टरों द्वारा 122 लोगों के दाँतों व 182 लोगों की आँखों की भी जांच की गई ,जबकि 82 रक्त दाताओं ने रक्त दान किया । कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज ने बताया कि जैन कॉलेज में एन एस एस की एक इकाई चल रही है, अधिकारी रजनी देवी के मार्गदर्शन में छात्राएं बहुत बड़े स्तर के सेवा कार्य कर रही हैं इस वर्ष यह दूसरा हेल्थ व तीसरा रक्तदान शिविर लगाया गया है। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

## कोहरे का कहर : सड़कों पर वाहनों की रफ्तार रही धीमी, रेलगाड़ियों के परिचालन पर भी पड़ा असर

# कंवाली के पास दो ऑटो भिड़े, चार लोग घायल नसीर बांगर के पास ट्रैक्टर- ट्राली भी पलटी

**ट्रैक्टर के नीचे दबने से घायल युवक की हालत गंभीर, रोहतक पीजीआई रेफर**

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

जिले में मौसम के मिजाज में लगातार आ रहे बदलाव ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। रविवार की सुबह जिले के लोग जब सोकर उठे तो चारों ओर सफेद चादर लिपटी हुई थी। सुबह साढ़े छह बजे अचानक गिरे कोहरे ने रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। दृश्यता कम होने की वजह से सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए और इसका सीधा असर जिले की यातायात व्यवस्था पर पड़ा। ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति और भी गंभीर रही जहां दोपहर तक सूरज के दर्शन नहीं हुए।

### ऐसा रहा हाल

घने कोहरे के बीच सोनीपत में रविवार की सुबह हादसों के नाम रही जहां कंवाली के पास दो ऑटो की भिड़ंत में चार महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए जबकि नसीर बांगर में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। इन हादसों ने शीतलहर के बीच सड़कों पर बढ़ते खतरे को एक बार फिर उजागर कर दिया है। रविवार को कोहरे का असर इतना अधिक था कि सुबह सात बजे दृश्यता घटकर महज 10 मीटर तक रह गई थी। आठ बजे तक इसमें थोड़ा सुधार हुआ और यह 50 मीटर तक पहुंची। शहर के इलाकों में सुबह साढ़े नौ बजे तक स्थिति कुछ सामान्य हुई लेकिन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर 12 बजे के बाद ही कोहरा पूरी तरह छटा। इस दौरान वाहन चालकों को लाइट जलाकर बेहद धीमी गति से सफर तय करना पड़ा। घने कोहरे की वजह से जिले में दो जगहों पर हादसे हुए, जिसमें छह लोग घायल हो गए। एक युवक तो गंभीर रूप से घायल है। एक हादसा गांव कंवाली के पास कोहरे के कारण दो ऑटो की आपस में टक्कर हो गई। जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों में कोकिला, शिवानी, पूजा, सुनीता और वसीम शामिल रहे। वसीम ऑटो चालक था। ये सभी बारोटा स्थित ड्राई फ्रूट फैक्टरी की ओर जा रहे थे। दूसरी ओर गांव स्थान नसीर बांगर के पास पराली से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गया। जिसके नीचे एक युवक दब गया। घायल युवक फैजल निवासी बागपत उत्तर प्रदेश को गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है।



सोनीपत। नेशनल हाइवे पर कोहरे के बीच निकलता भारी वाहन। *फोटो: हरिभूमि*

### प्रदूषण मापक यंत्र आज भी रहा बंद

एक तरफ जहां लोग ठंड और कोहरे से परेशान हैं वहीं दूसरी तरफ प्रशासन की लापरवाही भी सामने आ रही है। रविवार को लगातार दूसरे दिन मुरथल में स्थापित किया गया वायु गुणवत्ता मापक यंत्र बंद रहा। इसके चलते जिले के नागरिक अपनी हवा की गुणवत्ता के बारे में सटीक जानकारी पाने से वंचित रहे। मौसम के ऐसे संवेदनशील समय में जब प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है तब यंत्रों का बंद होना चिंता का विषय है।

### तापमान के गिरते ग्राफ ने बढ़ाई ठिठुरन

जिले के तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है जिससे कड़ाके की ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सोनीपत के सरगथल केंद्र में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। वहीं जगदीशपुर केंद्र में न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री और अधिकतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर 6 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली ठंडी हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं।

**मौसम विभाग की चेतावनी**

आगामी दिनों में भी मौसम के इसी तरह परिवर्तनशील रहने की संभावना जताई गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर भारत में चल रही ठंडी हवाएं तापमान को और नीचे ले जा सकती हैं। प्रशासन ने भी लोगों को सलाह दी है कि घने कोहरे के दौरान यात्रा करने से बचें और यदि अनिवार्य हो तो वाहनों की लाइट और इंडिकेटर का सही प्रयोग करें ताकि हादसों से बचा जा सके।

**शीतलहर चलेगी**

आने वाले दिनों में कोहरे की परेशानी जारी रह सकती है। शीतलहर की भी आशंका बनी हुई है। अगले सप्ताह बारिश की भी संभावना बनी हुई है।
-डॉ. प्रेमदीप, वैज्ञानिक, केवीके, जगदीशपुर।

## कोहरे और इंटरलॉकिंग के जाल में फंसी रेल सेवा

**दो दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से सोनीपत पहुंची, सवारी गाड़ियां भी चली लेट**

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

सोनीपत में रविवार को रेल यात्रियों की भारी फजीहत हुई जहां दिल्ली अंबाला रूट पर चलने वाली करीब दो दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से सोनीपत पहुंची। घने कोहरे के साथ साथ पंजाब और गाजियाबाद में चल रहे इंटरलॉकिंग कार्यों ने रेल यातायात की रफ्तार पर पूरी तरह ब्रेक लगा दिया है। यात्री स्टेशन पर ट्रेनों के इंतजार में ठिठुरते नजर आए जबकि सवारी गाड़ियां भी इस लेटलतीफी का शिकार बनीं। दिल्ली अंबाला रेल मार्ग पर रविवार का दिन यात्रियों के लिए बेहद कष्टकारी साबित हुआ। लंबी दूरी की एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के समय से न चलने के कारण पूरे रूट का शेड्यूल बिगड़ गया है। स्थिति यह रही कि कुछ मुख्य ट्रेनें तो अपने निर्धारित समय से 12 घंटे से भी अधिक की देरी से चल रही हैं। इसका सीधा प्रभाव उन दैनिक यात्रियों पर पड़ रहा है जो सवारी गाड़ियों के माध्यम से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। स्टेशन परिसर में यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई और पूछताछ केंद्र पर भी लोग समय की जानकारी लेने के लिए परेशान रहे।



### सवारी गाड़ियों का भी हाल बेहाल

एक्सप्रेस ट्रेनों की लेटलतीफी का खामियाजा सवारी गाड़ियों को भी भुगतना पड़ा है। सोनीपत पहुंचने वाली गाड़ी संख्या 64533 करीब 2 घंटे 51 मिनट और गाड़ी संख्या 64454 लगभग 2 घंटे 43 मिनट की देरी से पहुंची। अन्य सवारी गाड़ियां भी एक से ढाई घंटे की देरी से चलीं जिससे नौकरीपेशा वर्ग और छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा।

### कोहरे के साथ तकनीकी कार्य बना बाधा

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार रेल सेवाओं के बाधित होने के पीछे दो मुख्य कारण हैं। पहला कारण फिरोजपुर मंडल के अमृतसर और दिल्ली मंडल के गाजियाबाद यार्ड में चल रहा इंटरलॉकिंग का कार्य है जो रेल संचालन में सुरक्षा और सुधार के लिए अनिवार्य है। दूसरा बड़ा कारण क्षेत्र में पड़ रहा घना कोहरा है जिसके चलते लोको पायलट को दृश्यता कम होने की वजह से ट्रेन की गति कम रखनी पड़ रही है। जिससे ट्रेनें समय पर नहीं पहुंच पा रही।

### ये रेलगाड़ियां देरी से पहुंची

**दिल्ली अंबाला रूट ट्रेनें**

| ट्रेन का नाम | देरी का समय |
|---|---|
| ऊंचाहार एक्सप्रेस | 12 घंटे 52 मिनट |
| आम्रपाली एक्सप्रेस | 8 घंटे 56 मिनट |
| शान ए पंजाब एक्सप्रेस | 8 घंटे 06 मिनट |
| नेताजी एक्सप्रेस | 7 घंटे 18 मिनट |
| मालवा एक्सप्रेस | 4 घंटे 04 मिनट |
| अमृतसर इंटरसिटी | 3 घंटे 29 मिनट |
| जम्मू मेल | 3 घंटे 16 मिनट |

**अंबाला दिल्ली रूट ट्रेनें**

| ट्रेन का नाम | देरी का समय |
|---|---|
| शान ए पंजाब | 7 घंटे 54 मिनट |
| नई दिल्ली जनशताब्दी | 3 घंटे 34 मिनट |
| हिमाचल एक्सप्रेस | 1 घंटा 48 मिनट |
| झेलम एक्सप्रेस | 2 घंटे 05 मिनट |
| दादर एक्सप्रेस | 2 घंटे 13 मिनट |
| नेताजी एक्सप्रेस | 2 घंटे 40 मिनट |
| दिल्ली इंटरसिटी | 2 घंटे 29 मिनट |

## कांग्रेस का 140 वर्षों का इतिहास त्याग और सेवा का प्रतीक : कमल

**स्थापना दिवस समारोह में उमड़े दिग्गज, पूर्व सांसद व विधायकों ने भरी हुंकार, पार्टी के ध्वज को दी सलामी**

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही देश की असली ताकत है और इसका 140 वर्षों का गौरवशाली इतिहास सदैव त्याग, बलिदान और जनसेवा का प्रतीक रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के चुनौतीपूर्ण समय में देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की जिम्मेदारी कांग्रेस के कंधों पर है।स्थापना दिवस के इस ऐतिहासिक मौके पर कांग्रेस भवन में पार्टी का ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी गई। कमल दिवान ने कहा कि आजादी के आंदोलन से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक कांग्रेस ने हर मोड़ पर देश का नेतृत्व किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राहुल गांधी के संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि सांप्रदायिक ताकतों को जड़ से मिटाया जा सके। इस अवसर पर पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक और पूर्व विधायक जगबीर मलिक ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलती है। पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने भी संबोधित किया।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित जिलाध्यक्ष कमल दिवान एवं अन्य।

## श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत, कलश यात्रा के बाद हुआ मंगलाचरण का पाठ

- श्री शिव मंदिर सनातन धर्म सभा में धर्म की रस धारा बही

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर

श्री शिव मंदिर सनातन धर्म सभा गन्नौर द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की रविवार से शुरुआत हुई। शुरुआत में रविवार को जन जागरण अभियान व कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

यात्रा गन्नौर गांव के प्राचीन शिव मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस मंदिर में आकर समाप्त हुई । श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत में कलश यात्रा के बाद मंगलाचरण एवं श्री मदभागवत महात्म भीष्म स्तुति का भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उमड़ी और संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। कथा के शुभारंभ अवसर पर वेद मंत्रों के उच्चारण, शंखनाद और मंगलाचरण के साथ कथा का विधिवत आरंभ किया गया । कथावाचक श्रीधाम वृंदावन से साध्वी समाहिता ने मंगलाचरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसी भी शुभ कार्य से पहले ईश्वर का स्मरण और वंदन आवश्यक होता है। कथावाचक साध्वी समाहिता ने बताया कि स्तुति दर्शाती है कि जीवन के अंतिम समय में भी यदि मन भगवान में लीन हो जाए, तो मोक्ष की प्राप्ति संभव है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भावविभोर दिखाई दिए।



गन्नौर। मुख्य यजमान आभा त्यागी व नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी कथावाचक साध्वी समाहिता के साथ व कलश यात्रा में उमड़ी महिलाओं की भीड़।

**धर्म व संस्कार जरूरी**

श्री शिव मंदिर सनातन धर्म सभा के प्रधान व नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कथा का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्यों को जागृत करना है। कार्यक्रम के अंत में आरती और प्रसाद वितरण किया गया। कथा से पूर्व कलश यात्रा में श्याम दास महाराज, राजेश स्वरूप महाराज भी शामिल हुए ।



## चाइल्ड केयर स्कूल के बच्चों ने चलाया जन-जागृति अभियान

- नशा मुक्त और पॉलीथिन मुक्त भारत का संदेश दिया

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने बुधवार को गन्नौर शहर में नशा मुक्त और पॉलीथिन मुक्त जन-जागृति अभियान चलाकर समाज को जागरूक किया। अभियान में विद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शहरवासियों को नशे से दूर रहने व पॉलीथिन का प्रयोग न करने का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने गन्नौर के विभिन्न बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और आवासीय क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को पॉलीथिन के स्थान पर जूट के थैले वितरित किए। साथ ही जागृति पत्र बांटकर सभी से उसे पढ़ने और उसमें दिए गए संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया गया। बच्चों ने "नशा छोड़ो, जिंदगी से प्यार करो" विषय पर प्रभावशाली भाषण देकर आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उनके ओजस्वी नारों और संदेशों ने राहगीरों और दुकानदारों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के डायरेक्टर अजय यादव ने बताया कि यह अभियान स्कूल द्वारा हर वर्ष नियमित रूप से चलाया जाता है। इसके अंतर्गत सैकड़ों पोस्टर लगाए जाते हैं और गांव-गांव जाकर लोगों को नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



गन्नौर। मर्चेंट नेवी में चयनित टॉपर हर्षित मलिक को ज्वाइनिंग लेटर देते हुए ।

## आईटीआई टॉपर हर्षित का मर्चेंट नेवी में चयन

- प्रथम प्रयास में हासिल किया 15 लाख वार्षिक पैकेज

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर

गांव राजलू गढ़ी स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के होनहार छात्र और संस्थान के टॉपर हर्षित मलिक ने अपने पहले ही प्रयास में मर्चेंट नेवी में चयनित हुआ। हर्षित का फिटर इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है, जहां उन्हें लगभग 15 लाख रुपये वार्षिक पैकेज मिला है। यह उपलब्धि आईटीआई छात्र के लिए प्रेरणादायक है। संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने हर्षित मलिक को बधाई दी । हर्षित ने एनसीवीटी वार्षिक परीक्षा-2025 में फिटर ट्रेड में 600 में से 547 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया था। उन्होंने कहा कि हर्षित शुरू से ही अनुशासित, मेहनती और तकनीकी रूप से दक्ष छात्र रहा है, जिसकी मेहनत आज रंग लाई है। हर्षित मलिक की साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से हैं।

### मेयर राजीव जैन ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरूआत की

## गंदगी के ढेर से मिलेगी निजात बनेगा सामुदायिक भवन

**जीटी रोड स्थित आरके कॉलोनी में 35 लाख रुपये से बनेगा भवन**

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

जीटी रोड स्थित आरके कॉलोनी में गंदगी के ढेर के स्थान पर 35 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण होगा। भवन के निर्माण के कार्य की शुरुआत नगर निगम मेयर राजीव जैन तथा पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण सैनी ने नारियल फोड़कर कर की। सामुदायिक केंद्र के निर्माण से कॉलोनी वासियों को सामाजिक कार्यों के लिए स्थान उपलब्ध होगा और इससे पहले बंजारा समाज के लिए भी सामुदायिक भवन बनवाया गया था। कॉलोनी में प्रवेश करते ही जिस स्थान पर कूड़े के ढेर लगे रहते थे कॉलोनी वासी लंबे समय से कूड़ा हटाकर सामुदायिक भवन बनाने की मांग कर रहे थे। इस अवसर पर राजीव जैन को कॉलोनी वासियों ने गलियों के निर्माण एवं गंदे पानी की निकासी की समस्या का समाधान करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने दोनों नेताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया। राजीव जैन ने बताया कि 9 माह के कार्यकाल में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य विभिन्न वार्डों में शुरू करवाये, जिनके पूरा होने से नागरिकों की काफी समय से लंबित पड़ी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने बताया कि आर के कॉलोनी में सीवरेज लाईन बिछाने का भी प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र के सभी इलाकों में बिना भेदभाव के समान विकास की भावना से कार्य करवाए गये हैं। इस अवसर पर भूपेंद्र वर्मा, दीपक, रामवीर, प्रदीप जय भगवान, राधेश्याम, सुखविंदर, राकेश, मनवीर, साहब सिंह, विकास कौशिक, कुलदीप आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। विकास कार्य का शुभारंभ करते हुए मेयर राजीव जैन साथ में स्थानीय निवासी। *फोटो: हरिभूमि*